एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सुनंदा शर्मा ने कड़ी मेहनत व जुनून से बनाया अलग मुकाम

पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा आज अपनी लोकप्रियता के चरम पर हैं। उन्होंने अपने अब तक के सफर से साबित किया है कि वह पंजाबी गायिकी की नई उम्मीद हैं। उनकी सफलता और कला के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए बेझिझक कहा जा सकता है कि उनका जन्म ही कला की सेवा के लिए हुआ है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इस मुकाम तक पहुंचना उनके लिए इतना आसान रहा है। उन्हें इस दौरान संगीत की दुनिया में नाम कमाने के अपने शौक और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बैठाने में बेहद मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा।

हालांकि अपने सपने को लेकर प्रतिबद्ध और कुछ हासिल करने का जज्बा रखने वाली सुनंदा शर्मा ने इन मुश्किलों को अपने ऊपर कभी हावी नहीं होने दिया और परिवार व शौक के बीच सामंजस्य बिठाते हुए गायिकी की दुनिया में एक खास मुकाम स्थापित किया है। बड़ी सफलता हासिल करने के बाद भी आज वह अपनी जड़ों से जुड़कर अपनी संस्कृति को सहेजने का काम कर रही हैं।

सुनंदा शर्मा की सफलता का एक अन्य बड़ा कारण उनकी कड़ी मेहनत है। जानकारों का कहना है कि वह अपने काम को बेहद संजीदगी और कड़ी मेहनत से अंजाम देती हैं। यहां तक कि वह अपने हर गाने को सिर्फ सुर नहीं देती हैं बल्कि वह खुद उस गाने का हिस्सा होती हैं। बताया जाता है कि अपने सुपरहिट गीत बिल्ली अख को रिलीज करने से पहले वह दिन में कई बार बार उसे दोहराती रहती थीं। यही कारण है कि वह अपने गीतों के जरिये श्रोताओं से एक तरह से सीधा संवाद कायम कर पाती हैं। ह कहती हैं कि उनकी यही कोशिश रहती है कि उनके गीतों में वर्तमान सामाजिक वातावरण और संस्कृति की झलक दिखे।

सुरों की मलिका सुनंदा शर्मा के दिल में सफल गायिका के साथ-साथ एक भावुक और संवेदनशील मन वास करता है। वह अपने समाज के दर्द को बांटने का लगातार प्रयास करती हैं। अक्सर वह अनाथ आश्रमों में जाकर नन्हे बच्चों को अपनापन देने का प्रयास करती रहती हैं। उनके सफल करियर और शानदार व्यक्तित्व का ही प्रभाव है कि आज उनके साथ संगीत की दुनिया की नामचीन हस्तियां काम करने को तैयार रहती हैं। पंजाबी फिल्मों के मशहूर अभिनेता दिलजीत सिंह दोसांझ भी उनके साथ फिल्म सज्जन सिंह रंगरूट में काम कर चुके हैं। सुनंदा शर्मा ने भले ही पंजाब के अमृतसर में जन्म लिया और मोहाली से अपना करियर शुरू किया, लेकिन गायिकी के प्रति उनके जुनून और कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि पूरी दुनिया में बसने वाला पंजाबी समुदाय आज उनका फैन है। सुनंदा शर्मा के गीत पटाके ने तो लोकप्रियता के सारे रिकार्ड ही तोड़ दिए। पटाके के साथ जानी तेरा ना और मोरनी को भी श्रोताओं का बेहद प्यार मिला है। जुलाई 2018 में मशहूर रैपर बादशाह के साथ तेरे नाल नचना गीत के जरिये बालीवुड में शानदार पदार्पण करने वाली सुनंदा शर्मा जल्द ही अपने नए गीत सैंडल के जरिये श्रोताओं से रूबरू हो रही हैं। पंजाबी गायिकी का भविष्य कही जाने वाली सुनंदा शर्मा की बस एक ही ख्वाहिश है कि वह सदा ही इसी तरह अपने गीतों के जरिये अपने समाज व संस्कृति की सेवा करती रहें।

टाइगर श्रॉफ ने बताया दिशा पाटनी के साथ क्यों जाते हैं डिनर पर

टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल्स में से एक हैं। दोनों अक्सर कई इवेंट्स में साथ ही पहुंचते हैं। अक्सर टाइगर और दिशा को लंच के लिए भी साथ में बाहर जाते देखा गया है। हालांकि, इस बारे में टाइगर और दिशा ने कभी खुलकर कुछ नहीं कहा। हाल ही में एक इंटरव्यू में टाइगर ने दिशा के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की।

टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी हीरोपंती और बागी 2 जैसी फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं। पहली फिल्म के बाद से ही टाइगर और दिशा अक्सर साथ में नजर आते हैं। फैन्स भी इस जोड़ी को खूब पसंद करते हैं। टाइगर और दिशा हमेशा अपने रिलेशनशिप से इनकार करते रहे हैं और एक दूसरे को अच्छा दोस्त बताते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में टाइगर से दिशा के साथ उनके रिलेशनशिप के बारे में पूछा गया। इसके जवाब में टाइगर ने कहा कि वे दोनों अच्छे दोस्त हैं और इसलिए साथ में नजर आते हैं। टाइगर ने कहा कि दिशा उनकी अच्छी दोस्त हैं इसलिए वह उनके साथ कॉफी या डिनर पर साथ जाते हैं। इसके अलावा लोगों को जो समझना है समझें।

बता दें कि बागी 2 के बाद अब टाइगर श्रॉफ स्टूडेंट ऑफ द ईयर-2 में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया और अनन्या पांडे भी हैं। एसओटीवाई-2 के अलावा टाइगर श्रॉफ बागी 3 में भी नजर आएंगे।

शिबानी दांडेकर को लैटिन गानों पर डांस करना है पसंद

अभिनेत्री-होस्ट शिबानी दांडेकर का कहना है कि डांस करना, विशेषकर लैटिन गानों पर डांस करना उन्हें बहुत पसंद है। शिबानी ने एक बयान में कहा, मुझे डांसिंग पसंद है, विशेषकर लैटिन गानों पर, इतना ज्यादा मजा।

इसी सप्ताह, शिवानी ने प्यूटरे रिकन संगीतकारों प्रेडो कापो और फरुको के हिट गाने काल्मा के रीमिक्स पर अपने डांस का वीडियो लॉन्च किया था।

रेगी-इंफ्यूज्ड गाना कापो के पॉप की संवेदनाओं को फरुको की शहरी जड़ों से जोड़ता है। यह समुद्र तट पर कोल्ड ड्रिंक के साथ आराम करते समय जीवन का आनंद लेने के लिए आमंत्रण है। उन्होंने कहा, काल्मा के रीमिक्स पर अपने साथियों के साथ डांस करते समय मुझे बहुत मजा आया।